डीजीई-ए-12025/01/2019-प्रशासन-।।

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
रोजगार महानिदेशालय
*****

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,
नई दिल्ली-110001
दिनांकः 17 सितम्बर, 2019

परिपत्र

विषयः रोजगार महानिदेशालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति आधार पर वेतन मैटिक्स में स्तर-11, (67,700-2,08,700/- रुपए) पर उप निदेशक रोजगार (समूह 'क'-राजपत्रित) के 06 (छः) पदों का भरा जाना।

रोजगार महानिदेशालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति आधार पर डीजीई मुख्यालय, नई दिल्ली, शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र, दिमापुर/शिलांग/देहरादून एवं राष्ट्रीय करियर सेवा संस्थान, नोएडा में वेतन मैटिक्स में स्तर-11, (67,700-2,08,700/- रुपए) पर उप निदेशक, रोजगार (समूह 'क'-राजपत्रित) के 06 (छः) पदों का भरा जाना प्रस्तावित है। इस पद पर नियुक्ति की पात्रता निम्नानुसार होगीः-

प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित):

केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या कानूनी या स्वायत्त निकाय या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या संस्थानों के ऐसे अधिकारीः

(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए है; या

(ii) जो मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 (56,100-1,77,500 रु.) के पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा कर चुके हैं, और

(ख) जो स्तंभ (7) के अधीन सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखते हैं।

टिप्पण-1:- पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति अल्प कालिक संविदा सहित पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

टिप्पण-2:-प्रतिनियुक्ति अल्प कालिक संविदा सहित की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति अल्प कालिक संविदा सहित की अवधि है साधारणतया 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(ख) अनिवार्य अर्हता एवं अनुभवः-

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से अर्थशास्त्र या सांख्यिकी या गणित या वाणिज्य या मनोविज्ञान या समाज शास्त्र या सामाजिक कार्य या लोक प्रशासन या कारबार प्रशासन में मास्टर डिग्री,

(ii) निम्न क्षेत्रों में से किसी में भी पांच वर्ष का अनुभव:

(क) आकडों के संग्रह, विशलेषण और निर्वचन करना या सामाजिक-आर्थिक अन्वेषण, या जनसांख्यिकी, रोजगार या बेकारी और श्रम बाजार से संबंधित अनुसंधान या

(ख) रोजगार सेवा संचालन जिसके अंतर्गत रोजगार या बाजार सूचना, कैरियर या रोजगार मंत्रणा, व्यवसायिक मार्गदर्शन और कैरियर सूचना।

(ग) मानव संसाधन भर्ती या प्रबंधन के क्षेत्र में, नौकरी ढूढ़ने वालों के संभावित मूल्यांकन के लिए वैश्लेषिकी और मानस मिति संबंधी तंत्र और भर्ती पोर्टल के साथ काम करने का अनुभव; या

घ) विद्यालयों और महाविद्यालयों में आगे बढ़ने की गतिविधियों और जॉब फेयर का आयोजन जिसमें शिक्षा विद के साथ एकीकरण, स्थानीय उद्योग, उद्योग संघ और प्रशिक्षण प्रदात्य सम्मिलित है, का अनुभव; या

(ड) अपेक्षित उद्योग कौशल और बाजार के रुख के साथ कैरियर इवेन्ट्स के आयोजन, विकास और कार्यान्वियन, कैरियर संबंधी गतिविधियों को प्रचार के लिए प्रकाशित करने, अपेक्षित उद्योग कौशल और बाजार के रुख के साथ जॉब रोल्स और व्यवसाय की मैपिंग करने का अनुभव; या

(च) दिव्यांग व्यक्तियों के पुनर्वास, प्लेसमेंट, मूल्यांकन व्यवसायिक प्रशिक्षण और रोजगार परामर्श में अनुभव

2. उक्त पद पर नियुक्ति हेतु चयनित अधिकारी की प्रतिनियुक्ति के निबंधन और शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 29/04/1988 के का.ज्ञा.सं. 2/12/87-स्था. (वेतन-II) में दिए गए निर्देशों या समय-समय पर सरकार द्वारा जारी किए गए या जारी किए जा सकने वाले ऐसे सामान्य/विशेष आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

3. यह अनुरोध है कि जिन अधिकारियों को उनके चयन होने की स्थिति में कार्यमुक्त किया जा सकता है, उनके आवेदन (तीन प्रतियों में) संलग्न प्रोफार्मा (अनुबंध) में रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर **श्री जी.के. कालड़ा, अवर सचिव, रोजगार महानिदेशालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001** को अग्रेषित किए जाएं।

4. आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों/सूचनाओं के साथ अवश्य उचित माध्यम से अग्रेषित किए जाएं:

(i) यह प्रमाण-पत्र कि कोई अनुशासनिक कार्रवाई/ सतर्कता मामला न तो लम्बित है या न ही उस पर विचार किया जा रहा है तथा इस आशय का प्रमाण-पत्र कि उस पर/उन पर पिछले 10 वर्षों के दौरान किसी भी प्रकार के बड़े/छोटे दंड नहीं लगाए गए थे।

(ii) 2012-13 से 2016-17 तक की पूर्ण एवं अद्यतन एपीएआरएस (मूल प्रति), (यदि मूल प्रति तत्काल उपलब्ध न हो, तो इसकी छायाप्रतियां, जो कि भारत सरकार के कम से कम अवर सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत् रूप से सत्यापित हों)।

(iii) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र।

(iv) काडर क्लियरेन्स प्रमाण-पत्र।

5. अधूरे और/अथवा अंतिम तिथि के बाद तथा अन्यथा उपर्युक्त दस्तावेजों/सूचना के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। **पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।**

6. पैरा-। के अंतर्गत विनिर्दिष्ट पात्रता शर्तों तथा अर्हताओं को कठोरता से पूर्ण करने वाले एवं योग्यताएं तथा अनुभव रखने वाले तथा अपने चयन के पद पर वास्तव में कार्यभार ग्रहण करने के इच्छुक अभ्यर्थी ही आवेदन करें। दस्तावेजों द्वारा विधिवत रूप से समर्थित जीवन-वृत्त (सीवी) का प्रतिनियुक्ति आधार पर पदों पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का चयन करते समय चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा।

7. प्रतिनियुक्ति आधार पर स्थानांतरण द्वारा नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा डीओपीटी के दिनांक 17/11/92 के का.ज्ञा. सं.एबी-14017/48/97-स्था. (आरआर) तथा दिनांक 25/05/98 के का.ज्ञा.सं. एबी-14017/2/97-स्था. (आरआर) के अनुसार आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(जी.के. कालड़ा,)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष:-011-23473357

प्रति-

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग। यह अनुरोध है कि वे इस रिक्ति का अपने अधीन सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों में व्यापक रूप से प्रचार करें।
2. संघ शासित प्रदेशों (रोजगार कार्यालय के श्रम सचिव एवं निदेशक दोनों) सहित सभी राज्य सरकारें।
3. सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रम/सांविधिक या स्वायत्त संगठन।
4. पुनर्वास महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय, पश्चिम ब्लॉक-IV, आर के पुरम, नई दिल्ली।
5. सरप्लस सेल, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली।
6. प्रधान सूचना अधिकारी, यूजीसी, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली।
7. सभी विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान।
8. श्री धर्म सिंह, एसआरईओ, डीजीई मुख्यालय, जामनगर हाऊस, नई दिल्ली " से इस अनुरोध के साथ की इन रिक्तियों को रोजगार समाचार/ इम्प्लॉइमन्ट न्यूज़ में प्रकाशित करने के लिए परिपत्र को डीएवीपी को भेजें।
9. श्रम और रोजगार मंत्रालय के अधीन सभी सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय।
10. डीजी(रो.) के पीपीएस/ डीडीजी (रो.)।निदेशक (रो.) के पीएस।
11. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धोलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
12. सूचना पट्ट।
13. श्रम और रोजगार मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु एनआईसी।
14. एनसीएस पोर्टल पर प्रकाशन हेतु एनसीएस।
15. कार्यालय आदेश बंडल।

## जीवन-वृत्त प्रपत्र

1. स्पष्ट अक्षरों में नाम तथा पता :

2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) :

3. केन्द्र / राज्य सरकार के नियमों के अनुसार सेवानिवृत्ति की तारीख :

4. शैक्षिक अर्हताएं :

5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएँ पूरी करते हैं (यदि कोई अर्हता नियमों में निर्धारित अर्हता के समकक्ष मानी गई है, तो उसका प्राधिकार बताएं)। :

| | अपेक्षित अर्हताएं/ अनुभव | अधिकारी के पास अर्हता/अनुभव |
|---|---|---|
| अनिवार्य | (1) | |
| | (2) | |
| | (3) | |
| वांछित | (1) | |
| | (2) | |

6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आप द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों को ध्यान मे रखते हुए क्या आप इस पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। :

7. नियोजन का कालक्रमानुसार विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत् रूप से अधिप्रमाणित एक पृथक पृष्ठ संलग्न करें। :

| कार्यालय/ संस्थान/संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | कर्तव्यों का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. वर्तमान नियोजन का स्वरूप अर्थात् तदर्थ या अस्थाई या स्थाईवत् या स्थाई। :

9. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर हो, तो निम्न के बारे में बताएं : :

   (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख।

   (ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि।

   (ग) उस मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंध रखते हैं।

10. वर्तमान नियोजन संबंधी अतिरिक्त विवरण। कृपया बताएं कि क्या आप निम्नलिखित में से किसी में कार्यरत हैं : :

   (क) केन्द्र सरकार

   (ख) राज्य सरकार

   (ग) स्वायत्त संगठन

   (घ) सरकारी उपक्रम

   (ड.) विश्वविद्यालय

11. कृपया बताएं कि क्या आप एक ही विभाग में कार्यरत हैं तथा फीडर ग्रेड में हैं अथवा फीडर से फीडर ग्रेड में हैं

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तिथि लिखें जब से संशोधन हुआ और संशोधन से पहले का वेतनमान भी दर्शाएं। :

13. वर्तमान कुल मासिक परिलब्धियाँ :

14. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे। (इसमें अन्य बातों के अतिरिक्त इसके संबंध में जानकारी प्रदान की जा सकती है (i) अतिरिक्त शैक्षिक अर्हताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित से अधिक कार्य अनुभव) (टिप्पणीः यदि स्थान अपर्याप्त हो, तो एक पृथक पृष्ठ संलग्न करें) :

15. कृपया बताएं कि आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/आमेलन पुनर्नियुक्ति आधार पर आवेदन कर रहें हैं। ('आमेलन' हेतु सिर्फ केंद्रीय/राज्य सरकारों के अधीन अधिकारी पात्र हैं। गैर-सरकारी संगठनों के अभ्यर्थी केवल अल्पावधि संविदा हेतु पात्र हैं)। :

16. क्या आप अ.जा./अ.ज.जा. के हैं :

17. अभ्युक्तियां (अभ्यर्थी इसके संबंध में जानकारी प्रदान कर सकते हैं (i) शोध प्रकाशन तथा रिपोर्टें और विशेष परियोजनाएँ (ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक सराहना (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/सोसाइटियों के साथ संबंधन तथा (iv) कोई अन्य सूचना (टिप्पणीः यदि स्थान अपर्याप्त हो, तो एक पृथक पृष्ठ संलग्न करें)।

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लिया है तथा मैं अच्छी तरह से जानता/जानती हूं कि पद हेतु चयन के समय चयन समिति द्वारा मेरे द्वारा प्रस्तुत जीवन-वृत्त द्वारा विधिवत रूप से समर्थित दस्तावेजों का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

दिनांकः ------------------------------

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

पताः----------------------------------------------

----------------------------------------------------

प्रतिहस्ताक्षरितः

----------------------

(नियोक्ता मुहर के साथ)

C:\Users\Amarjeet\Desktop\AMARJEET SINGH\DEPUTATION OF DDE CASE\2019 CIRCULAR\HINDI VERSION.doc

## नियोक्ता/ संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र

1. प्रमाणित तथा सत्यापित किया जाता है कि आवेदक द्वारा ऊपर प्रस्तुत किया गया ब्यौरा इस कार्यालय/मंत्रालय/ विभाग द्वारा रखे गए सेवा पुस्तिका रिकार्ड के अनुसार सही है।

2. प्रमाणित किया जाता है कि उक्त अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाहियां/सतर्कता संबंधी कोई मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

दिनांकः

रबड़ की मोहर सहित हस्ताक्षरः

नामः

नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी की सरकारी मोहर